# 75 किलो गांजा, बोलेरो सहित दो तस्कर गिरफ्तार

## उड़ीसा के जगदलपुर क्षेत्र से एक बोलेरो पिकअप वाहन में भारी मात्रा में अवैध गांजा राजस्थान ले जा रहे थे

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 02 अगस्त, का. थाना कुरावर पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए 75.13 किलोग्राम अवैध गांजा एवं तस्करी में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप वाहन जब्त कर राजस्थान निवासी दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है. रविवार 02 अगस्त को थाना कुरावर में पदस्थ उप निरीक्षक मेहरबान सिंह मेचन को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि उड़ीसा के जगदलपुर क्षेत्र से नागपुर होते हुए एक बोलेरो पिकअप वाहन में भारी मात्रा में अवैध गांजा राजस्थान के केकड़ी (अजमेर) ले जाया जा रहा है. सूचना पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस टीम द्वारा एनएच-46 स्थित तीजबड़ली के पास घेराबंदी की गई.**

संदिग्ध बोलेरो पिकअप वाहन को रोककर एनडीपीएस



एक्ट के प्रावधानों के अनुसार आरोपियों को उनके वैधानिक अधिकारों से अवगत कराया गया. नियमानुसार तलाशी लेने पर वाहन के फर्श के नीचे विशेष रूप से बनाए गए गुप्त खांचे से 65 पैकेटों में छिपाकर रखा गया कुल 75.13 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ. मौके पर ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अपराध क्रमांक 269/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया.

गिरफ्तार आरोपियों में धनराज प्रजापति पिता सत्यनारायण प्रजापति, उम्र 22 वर्ष, सुरेश बलाई पिता नाथु बलाई, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम खबास, थाना केकड़ी, जिला अजमेर को शामिल है. आरोपियों से 75.13 किलोग्राम अवैध गांजा अनुमानित कीमत 7 लाख 50 हजार व तस्करी में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप वाहन जब्त किया है. पूछताछ में आरोपियों से अवैध गांजे के स्रोत, सप्लायर, परिवहन के तरीके एवं तस्करी नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी उड़ीसा (जगदलपुर) से नागपुर होते हुए बोलेरो पिकअप में अवैध गांजा लेकर राजस्थान के केकड़ी (अजमेर) ले जा रहे थे.

उक्त उल्लेखनीय कार्रवाई में रक्षित निरीक्षक दीपक रघुवंशी, उप निरीक्षक मेहरबान सिंह मेचन, उप निरीक्षक विकास राठौड़, सहायक उप निरीक्षक शादाब खान, ललित तोमर, खेमेन्द्र सिंह खींची, मिथुन जाट, प्रशांत, पवन भदौरिया तथा सैनिक दुर्गाप्रसाद का सराहनीय योगदान रहा. साथ ही उत्तर प्रदेश पुलिस के उप निरीक्षक चंदन पाण्डेय (थाना एएनपीएफ, जनपद झांसी), उप निरीक्षक मनीष कुमार, कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह एवं कांस्टेबल प्रदीप कुमार द्वारा भी कार्रवाई में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया.

## पुलिस ने जप्त की 3 .40 लाख की अवैध शराब और कार

**नरसिंहगढ़ 02 अगस्त,सं.** स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार देर रात देवगढ़ क्षेत्र से अवैध तरीके से ले जाई जा रही शराब , मोबाइल फोन और एक कार जप्त की. इस दौरान आरोपी मौके से फरार हो गया. पुलिस से प्राप्त के अनुसार थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गुंजा सोलंकी को सूचना मिली कि देवगढ़ क्षेत्र से एक सफेद मारुति एस्टीलो कार में अवैध शराब लाई जा रही है. सूचना पर पुलिस टीम ने चिड़ीखो गेट के सामने यात्री प्रतीक्षालय के पास घेराबंदी की. पुलिस को देख कार सवार आरोपी गब्बर राजपूत निवासी नरसिंहगढ़ भागने लगा. पुलिस ने पीछा कर कार को रोक लिया. लेकिन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया. तलाशी लेने पर कार क्रमांक एमपी 04 सीएफ 6477 से कुल 14 पेटी अवैध अंग्रेजी और देशी शराब बरामद हुई. कुल 126 लीटर शराब की कीमत करीब 85 हजार रुपये आंकी गई. साथ ही शराब परिवहन में उपयोग की गई कार जिसकी कीमत 2.50 लाख रुपये है और एक रियलमी मोबाइल फोन 5 हजार रुपये का भी जब्त किया गया. इस प्रकार कुल 3 लाख 40 हजार रुपये का मशरूका जब्त किया गया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है. आरोपी की तलाश की जा रही है.

## 163 छात्राओं को नि :शुल्क साइकिलें बांटी

**कुरावर 02 अगस्त, सं.** नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विधायक मोहन शर्मा ने शनिवार को ग्राम मुंडला बारोल, लश्करपुर और कोटरा में आयोजित कार्यक्रमों में 163 छात्राओं को निशुल्क साइकिलों का वितरण किया. इस दौरान वृक्षारोपण और कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए. कार्यक्रम में मुंडला बारोल हाईस्कूल की 42, लश्करपुर हायर सेकेंडरी स्कूल की 73 व कोटरा हाईस्कूल की 48 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं. विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है. इस सत्र में नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र में करीब दो हजार छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई हैं. सरकार विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य-पुस्तकें, छात्रवृत्ति सहित अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करा रही है. उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की. इस दौरान जिला भाजपा उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर मीणा, जिला मंत्री सत्येंद्र बना, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र बना, डा. दिनेश मंडलोई, नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी, बीईओ दिनेश गवली, बीआरसी सुरेंद्र सिंह भदौरिया, जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे.

## एक नजर में

### योग व व्हालीबॉल में दिखाया दमखम

**सारंगपुर 02 अगस्त, सं.** मास्टरमाइंड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-12 वॉलीबॉल एवं वेस्ट ज़ोन योग प्रतियोगिता के तीसरे दिन खिलाडियों ने उत्साह और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. योग प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्गों के पारंपरिक, टीम, आर्टिस्टिक एवं रिदमिक इवेंट आयोजित हुए. योग प्रतियोगिता में महावीर पब्लिक स्कूल, जयपुर तथा लिटिल एंजेल हाई सेकेंडरी स्कूल, ग्वालियर का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा. वहीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्गों के कुल 27 मुकाबले खेले गए, जिनमें सभी टीमों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया. इस अवसर पर योग प्रतियोगिता के सीबीएसई ऑब्जर्वर अखिलेश पचौरी, वॉलीबॉल प्रतियोगिता के सीबीएसई ऑब्जर्वर विभोर तिवारी, बाल भारती पब्लिक स्कूल, भोपाल के कोच दीपक, होली फैमिली स्कूल, भोपाल के कोच दिलीप इक्का, मीठी गोविंदराम स्कूल के कोच मनीष तोरिया तथा श्रमोदय विद्यालय भोपाल के कोच डॉ. राजेन्द्र दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे.

### पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

**राजगढ़ 02 अगस्त का.** प्रगतिशील पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला बैठक सम्पन्न हुई. बैठक में प्रांत अध्यक्ष सुधीर दुबे, उप प्रांत अध्यक्ष राजेन्द्र जोशी (काका), संभागीय अध्यक्ष पीयूष शर्मा, जिला अध्यक्ष स्वयं प्रकाश शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष अंगदीश गौड़ तथा ब्लॉक अध्यक्ष सत्येन्द्र सोनी सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे. बैठक की शुरुआत शपथ ग्रहण समारोह से हुई. इसके बाद संगठन की विभिन्न गतिविधियों एवं पेंशनर्स की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई. सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 20 अगस्त को भोपाल में आयोजित होने वाली प्रांतीय बैठक में जिले के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में भाग लेंगे.


### आवश्यकता है

आनंद वेयर हाउस ग्राम कचनारिया एबी रोड़ ब्यावरा A.C. Agrawal (H.P) पेट्रोल पम्प के पास ब्यावरा में ग्राडन की देखरेख के लिए एक माली की आवश्यकता है.

मो. 9425037590

बिल 05 अगस्त 2026


## नपं कार्यालय से लोहे की गाडर चोरी करते पकड़ा आरोपी



नवभारत न्यूज

**सुठालिया 02 अगस्त, सं.** रविवार दोपहर सदर बाजार स्थित नगर परिषद के कार्यालय से एक लोडिंग वाहन लोहे के 7 गाडर चोरी कर ले जाते नप के एक कर्मचारी को लोगो ने देखा जिसकी शिकायत सीएमओ से की गई जिस पर सीएमओ ने थाने पहुंचकर आवेदन दिया पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चालक और एक नगर परिषद कर्मी को पकड़ा है. चोरी गया सामान करीब 15 हजार रुपये का बताया जा रहा है.

जानकारी के मुताबिक नगर परिषद सुठालिया के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र चक्रवाती ने रिपोर्ट दर्ज कराई. रविवार शाम करीब 4.30 बजे स्वच्छता पर्यवेक्षक कुलदीप सिंह राठौर ने सूचना दी कि कार्यालय के बाउंड्री के अंदर रखे लोहे की सात गाडर गायब हैं. तलाश के दौरान सुठालिया के पास छोटा हाथी क्रमांक एमपी 04 एलडी 3831 को रोककर चेक किया गया.

वाहन चालक महेश गिरी पिता कैलाश गिरी निवासी सुठालिया ने पूछताछ में बताया कि गाडर उसने और नगर परिषद के कर्मचारी विजय पिता बनेसिंह केवट निवासी सुठालिया ने मिलकर चुराए थे. विजय ने ही उसे बेचने के लिए कहा था. गाडर पर पहचान के लिए एनपीएस लिखा हुआ था . जिससे उनकी पहचान हुई. चोरी की गई गाडर की कीमत 15 हजार रु बताई गई है. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है. पुलिस ने चोरी के सामान और छोटा हाथी को जब्त कर लिया है. दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है. पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है.

## पांच साल बाद साक्ष्य के अभाव में पॉक्सो एक्ट का आरोपी बरी

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 02 अगस्त, सं.** प्रथम अपर सत्र न्यायालय में 5 साल से भी अधिक समय से चल रहे प्रकरण में न्यायालय ने महत्वपूर्ण आदेश पारित कर अपहरण, बालात्कार के जघन्य व (पॉक्सो)लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में आरोपी को निर्दोष मानकर बाइज्जत बरी कर दिया. तलेन थाना के अपराध क्र. 362/2020 में अपराध धारा 363, 366, 366 ए, 368, 344, 376, 376 (2) एन, 376 ए-बी, 376(2) एच, 376(3) भारतीय दंड संहिता व 5 एम, 5 एल, 5क्यू, 5जे सहपठित धारा 6,7,8,3 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का मामला पुलिस थाना तलेन में पीड़िता के पिता की रिपोर्ट के आधार बनाया गया था. पीड़िता के पिता ने बताया था कि मे दिनांक 14 दिसम्बर 2020 के दिन वह रोजाना की तरह खेत पर मजदूरी करने चला गया था. उसकी पत्नी भी गांव में मजदूरी पर गई थी. घर पर उसका छोटा लड़का और पीड़िता थी जिसे गांव के ही एक युवक ने उसकी बेटी पीड़िता जो घटना के समय 11 साल 11 माह की थी. जो बहला फुसलाकर ले गया जिसकी आसपास व रिश्तेदारी में तलाश की गई जो नहीं मिली. तब तलेन थाने पर जाकर गुमशुदगी दर्ज करवाई गई, गुमशुदगी के आधार पर प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख करवाई गई. इस दौरान पुलिस द्वारा पीड़िता और आरोपियों की तलाश के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी परन्तु पुलिस पीड़िता और आरोपियों का सुराग लगाने में विफल रही. 4 साल बाद जानकारी मिली कि आरोपी और पीड़िता राजस्थान के ब्यावर में है तब पुलिस द्वारा टीम गठित कर आरोपी को गिरफ्तार कर पीड़िता को उसके माता पिता के सुपुर्दकर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया. न्यायालय द्वारा विचारण प्रारंभ किया गया. आरोपी के अधिवक्ता दिलीप जाधव ने गवाहों का प्रतिपरीक्षण किया न्यायालय ने आरोपी पर पुलिस व पीड़िता के परिजनों द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को निराधार माना व अभियोजन द्वारा न्यायालय में आरोपी पर लगाए गए आरोप सिद्ध नहीं किये जाने पर आरोपी को न्यायालय बाइज्जत बरी कर दिया गया.

## राकेश टिकैत ने पचोर पहुंचकर निर्मला जाट को दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**पचोर 02 अगस्त, सं.** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय नेता राकेश टिकैत मध्य प्रदेश पंचायत विभाग पंचायत कमिश्नर छोटे सिंह एवं अखिल भारतीय जाट महासभा के राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह ने अखिल भारतीय जाट महासभा के राष्ट्रीय सचिव एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र जाट के निवास पर पहुंचकर उनकी माताजी श्रीमती निर्मला जाट के निधन पर गहरा शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की.

इस अवसर पर दिनेश जाट खेड़ा, दिनेश जाट दुबली, दिलीप जाट, इंद्र सिंह जाट, दीपक जाट, नगर परिषद उपाध्यक्ष राम भरोसे यादव, रघुराज राणा, अरुण विजयवर्गीय, नरेंद्र सक्सेना, पुरुषोत्तम वैष्णव, मुकेश सोनी अमित बंसल दुर्गा प्रसाद चौधरी राज जाट कुलदीप चौधरी सहित जाट समाज, किसान संगठन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे.



सभी ने निर्मला जाट के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं.

## जवाहर नवोदय विद्यालय में आवेदन 7 तक

**राजगढ़ 02 अगस्त, का.** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन की तिथि को आगे बढ़ाया गया है. कक्षा 6 में प्रवेश के लिए शैक्षणिक सत्र 2027-28 के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 7 अगस्त 2026 कर दी गई है। इसकी चयन परीक्षा 28 नवंबर को आयोजित होगी. अभ्यर्थियों के आवेदन आधिकारिक वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन फॉर्म भरे जा रहे है.




## जल लेकर 25 किमी पैदल पहुंचे शिवभक्त

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 02 अगस्त, सं. श्रावण मास के पावन अवसर पर गिरीराज भक्त मंडल के तत्वाधान में पहली बार कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया.**

यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए. पूरे मार्ग में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा. प्रातः छापी बांध पर मंडल के सदस्यों ने विधि-विधान से कावड़ पूजन कर पवित्र जल भरा. इसके बाद कावड़ यात्रा छापी बांध से प्रारंभ होकर खिलचीपुर नाका, स्वामी विवेकानंद चौराहा, बस स्टैंड, बुधवारिया बाजार, अटल चौक, इंदर चौराहा, माचलपुर रोड ब्रिज, कोडक्या एवं माचलपुर होते हुए गोघटपुर मठ के लिए रवाना हुई.

यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों ने कावड़ यात्रियों का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया.

श्रद्धालुओं ने शिवभक्तों को पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी उपलब्ध कराईं. कावड़ यात्रियों ने छापी बांध से पवित्र जल लेकर लगभग 25 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी कर गोघटपुर मठ पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की प्रार्थना की.



## टेक होम राशन के पैकेट को तैयार करेगा स्वसहायता समूह

### आंगनवाड़ी केन्द्रो पर होगा वितरण

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 02 अगस्त, सं. शासन द्वारा टेक होम राशन देने की नई व्यवस्था को स्थानीय स्तर पर तैयार करने की जिम्मेदारी अब स्व सहायता समूह की महिलाओ को मिली हैं .अभी तीन माह के लिए योजना पर कार्य किया जायेगा जिसकी जिम्मेदारी मध्यान्ह भोजन के अंतर्गत संचालित स्व सहायता समूह मे कार्यरत महिलाओं द्वारा टेक होम राशन को तैयार किया जायेगा.**

आंगनवाड़ी केन्द्रों पर वितरण का कार्य भी समूह द्वारा किया जायेगा. अगर योजना के अनुसार व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती हैं तो टेक होम राशन स्व सहायता समूह हीं करेगा. महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी केदार शर्मा ने बताया को शासन की नई व्यवस्था अनुसार स्व सहायता समूह की महिलाओ को अब नई व्यवस्था अनुसार टेक होम राशन स्थानीय स्तर पर तैयार कर आंगनवाड़ी केन्द्रो पर वितरण का कार्य भी महिलाएं करेंगी. जिसमे गर्भवती महिलाओं धात्री माताओं एवं किशोरी बालिकाओं हेतु स्थानीय स्तर पर (ञ्ञ।।क्र)तैयार कर प्रतिदिन प्रति हितग्राही हेतु 600 केलोरी एवं 18-20 ग्राम प्रोटीन, प्रतिदिन प्रति हितग्राही राशि 9.50, गेहूं आधारित दलिया मिक्सचर जिसमे गेहूं, चना दाल, सोयाबीन चुरा, तिल कैलोरी, प्रोटीन के अनुसार कच्ची सामग्री से प्राप्त पोषक मात्रा, एवं कच्ची सामग्री की मात्रा पोषक तत्व की मात्रा अनुसार एवं चावल आधारित खिचड़ी मिक्सचर जिसमे सामग्री चावल, मुंग दाल, सोय बड़ी चुरा, तिल कच्ची सामग्री जिसमे 06 माह से 03 वर्ष आयु वर्ग के बच्चो हेतु स्थानीय स्तर पर तैयार करना .इसी तरह गर्भवती महिला एवं धात्री माता, एवं 14-18वर्ष की किशोरी बालिका को मिलेगा साथ हीं टेक होम राशन की गुणवत्ता पर भी ध्यान रखा जाएगा, रविवार को परियोजना अधिकारी श्री शर्मा ने शहरी क्षेत्र के सभी स्व सहायता समूह की आवश्यक बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस दौरान आंगनवाड़ी सुपरवाइजर चंदा तोमर, स्व सहायता समूह की महिला एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे.

**पहल** जीरापुर में सोंधवाड़ी धर्मशाला परिसर में 151 पौधे लगाकर की शुरुआत

# सौंधिया समाज हरियाली अमावस्या तक लगाएगा पौधे



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 02 अगस्त, सं.** अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत महासभा के आह्वान पर समाज द्वारा पूरे प्रदेश में एक लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. सामाजिक स्तर पर लिए गए इस पौधारोपण अभियान को समाज द्वारा हरियाली अमावस्या तक निरंतर पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मिसाल कायम की जाएगी.

इस पर्यावरण बचाओ, पौधे लगाओ अभियान के तहत क्षेत्र को हरा-भरा करने के संकल्प के साथ नगर जीरापुर में सोंधवाड़ी राजपूत समाज धर्मशाला परिसर में समाजजनों द्वारा 151 पौधे लगाए गए. पौधारोपण के साथ ही सभी ने इन पौधों को वृक्ष बनाने का संकल्प भी लिया.

इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री लक्ष्मीनारायण चौहान, जिला अध्यक्ष नारायण सिंह सालरियाखेड़ी, कालू सिंह तोमर, पूर्व मंडी अध्यक्ष कमल सिंह पंवार, पूर्व जिला अध्यक्ष इंदर सिंह परमार, महासचिव प्यारेलाल चौहान, सत्यनारायण सरावत, गंगाराम दोबड़ा, प्रदेश प्रभारी चंदरसिंह पवांर, राजेंद्रसिंह आमलाबे, विष्णु सिंह पवांर, भगवानसिंह बटावदा, धर्मशाला प्रबंधन अध्यक्ष मोहन सिंह पवांर, जिला सचिव नारायण सिंह तोमर, ईश्वर सिंह परमार, रमेशचंद पवांर ब्लॉक महासचिव रामबाबू पवांर, युवा ब्लॉक अध्यक्ष नारायण सिंह तोमर, दिलीप सिंह सौलंकी कुमेरसिंह पवांर, श्री लाल पवांर, पृथ्वी सिंह, मोहनलाल सरपंच पर्वत सिंह धतुरिया, सुल्तान सिंह, जसवंतसिंह, नरवर सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे.

## मेधावियों और दूध उत्पादकों को किया सम्मानित

**पडाना 02 अगस्त, सं.** सहकारिता को जन-जन तक पहुंचाने और दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशन तथा महाप्रबंधक क्षेत्र संचालन के मार्गदर्शन में कैम्प पचोर अंतर्गत दुग्ध सहकारी समिति मर्यादित आसारेटा पंवार में उपहार एवं नवाचार कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया.

इस विशेष आयोजन में न केवल समिति के सदस्यों को बल्कि संस्था से स्थानीय स्तर पर दूध क्रय करने वाले उपभोक्ताओं को भी उपहार देकर सम्मानित किया गया, ताकि सहकारिता से जुड़ाव और बढ़े. कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी कृपाल सिंह दुगारिया, संघ के पूर्व संचालक कमल सिंह गाथला, प्रबंधक अभिषेक कनारिया, समिति अध्यक्ष नंदकिशोर परमार तथा मार्ग पर्यवेक्षक चंदर सिंह राजपूत मुख्य रूप से उपस्थित रहे. कैम्प पचोर, राजगढ़ एवं नरसिंहगढ़ क्षेत्र के मार्ग पर्यवेक्षक, संस्था उपाध्यक्ष, दूध प्रदायक सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामवासी भी इस अवसर पर मौजूद थे .अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरुआत गौपूजन, पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण और मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ की. समिति द्वारा सभी अतिथियों का मंगल तिलक कर, साफा बंधवाकर और पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया. मंच से संबोधित करते हुए अतिथियों ने सहकारिता की शक्ति, भोपाल संघ की किसान हितैषी योजनाओं, उन्नत नस्ल के पशुपालन, समय पर टीकाकरण, एआई कार्यकर्ताओं के योगदान और स्वच्छ दूध उत्पादन के महत्व पर अपने विचार रखे. मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने उपभोक्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आप केवल दूध लेने वाले नहीं, बल्कि सहकारिता को आगे बढ़ाने वाले भागीदार बनें और इसका श्रेष्ठ लाभ प्राप्त करें.

## भाजपा मंडल राजगढ़ की मासिक बैठक सम्पन्न

**राजगढ़ 02 अगस्त, का.** भाजपा मंडल राजगढ़ की मासिक संगठनात्मक बैठक रविवार जिला कार्यालय वंदे मातरम् भवन में हुई. बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह जी गुजर द्वारा संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए आगामी कार्यक्रमों एवं संगठन की गतिविधियों को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया. बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सचिन मौर्य द्वारा की गई. बैठक में मुख्य रूप से जिला महामंत्री एवं मंडल प्रभारी देवीसिंह सौंधिया, जिला मन की बात प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, पूर्व सीसीबी चेयरमैन कैलाश नारायण मौर्य, नपाध्यक्ष विनोद साहू, जनपद अध्यक्ष फूल सिंह तंवर, अनुसूचित जनजातीय मोर्चा के जिलाध्यक्ष गजराज सिंह चौहान, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष केपी पंवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष जोशी, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अविनाश दशेरिया ने संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण, आगामी कार्यक्रमों एवं कार्यकर्ता आधारित संगठन विस्तार पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया.